तापमान
अधिकतम 30 .8 डिग्री
न्यूनतम 17 .6 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार 3 नवंबर 2026

10 शाह की रैली की तैयारियों पर गांधी ग्राउंड का अधिकारियों ने किया दौरा



10 अतिक्रमण हटाने को लेकर दुकानदारों व अधिकारयों में टकराव...



घाघरा, धोती कुर्ता, चुंदड़ी, वायल, दामण की दिखी झलक

रत्नावली के रैम्प पर हरियाणवी फैशन शो ने मचाया धमाल

तरुण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र

रत्नावली के दूसरे दिन हरियाणवी फैशन शो में हरियाणा के अलग-अलग विश्वविद्यालयों से छात्र-छात्राओं ने लोक परिधानों को नवीन स्वरूप में प्रस्तुत कर धमाल मचा दिया। हरियाणवी फैशन शो में 15 से अधिक संस्थानों के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने हरियाणवी लोक परिधानों के माध्यम से मंच पर हरियाणवी संस्कृति की छटा बिखेर दी। फैशन शो में हरियाणवी पुरुष एवं महिला दोनों के परिधानों को नवीन स्वरूप में प्रस्तुत किया गया जिसमें हरियाणवी घाघरा, धोती कुर्ता, चुंदडी, वायल, दामण, घाघरा, खायर, दुपट्टा, कुर्ती, गाती, पगडी, घाघरी, सौंपली, दुकानिया सहित अनेक लोक परिधानों को मंच पर प्रस्तुत किया गया। इस विषय में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला ने बताया कि हरियाणवी फैशन शो के माध्यम से हरियाणा की पूरी सांस्कृतिक झलक देखने को मिली। इस फैशन शो में 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने अपने संस्थानों का प्रतिनिधित्व किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कुलसचिव की धर्मपत्नी डॉ. बबीता रही। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस तरह के फैशन शो हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत कर युवाओं से जोड़ने का काम करते हैं। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि हरियाणवी फैशन शो का उद्देश्य युवाओं को हरियाणवी लोक परिधानों के प्रति आकर्षित करना है। इस मौके पर प्रो. जसबीर ढांडा, प्रो. रीटा, प्रो. महाबीर रंगा, प्रो. दीपक राय बब्बर, डॉ. सलोनी पवन दीवान,हरियाणा कला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष संजय भसीन सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



कुरुक्षेत्र। ग्रुप डांस की प्रस्तुति देते कलाकार।



कुरुक्षेत्र। हरियाणवी फैशन शो रैंप पर कैटवॉक करते युवा।

राष्ट्रीय पटल पर सांस्कृतिक पहचान पेश कर रहा हरियाणा

देशां में देश भारत, भारत में हरियाणा की लोकभावना हरियाणा की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान और गौरवशाली परंपराओं को अभिव्यक्त करती है। भारत की विविधतापूर्ण सांस्कृतिक विरासत में हरियाणा की लोकसंस्कृति का अपना अलग स्थान है। यहां की मिट्टी में रची-बसी रागनियां, लोकगीत, सांग, लूर, रसिया, लोकनृत्य, पारंपरिक वेशभूषा और लोकजीवन की परंपराएं प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की परिचायक हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह इसी सांस्कृतिक पहचान को सहेजने, संवारने और देश-दुनिया तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन रहा है।

गोद के लड्डू और गुड़ का हलवा बनें पहली पसंद

हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में आयोजित चार दिवसीय राज्यस्तरीय रत्नावली समारोह में इस बार हरियाणवी लोकसंस्कृति के साथ-साथ पारंपरिक खानपान की खुशबू भी खूब बिखर रही है। समारोह में हरियाणवी व्यंजनों का स्वाद चखने के लिए दर्शकों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। खासतौर पर पारंपरिक हरियाणवी मिठाई गोद के लड्डू और गुड़ का हलवा लोगों की पहली पसंद बने हुए हैं। समारोह के हरियाणवी क्राफ्ट सेक्शन में स्टॉल नंबर-4 पर तिलका कैट्स की ओर से लगाए गए स्टॉल पर पारंपरिक हरियाणवी व्यंजनों की आकर्षक श्रृंखला प्रस्तुत की गई है।

हास्य-व्यंग्य से कलाकारों ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित रत्नावली महोत्सव के दूसरे दिन खुले रंगमंच पर हरियाणवी स्किट एवं टिट-बिट्स प्रतियोगिता में कलाकारों ने हास्य-व्यंग्य और प्रभावशाली अभिनय से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। हरियाणवी बोली की मिठास, ठेठ देसी अंदाज और चुटीले संवादों से सजी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया। विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आई 10 टीमों ने हरियाणा के लोकजीवन, सामाजिक परिवेश, पारिवारिक रिश्तों और सांस्कृतिक परंपराओं को मंच पर जीवंत किया।

आठवीं के विवेक ने ब्रेसलेट व आइसक्रीम स्टिक की झोपड़ी से रत्नावली में बिखेरा हुनर का जादू



यू-ट्यूब केवल समय बिताने का माध्यम नहीं, बल्कि सही इस्तेमाल किया जाए तो यह हुनर सीखने और अपनी प्रतिभा को निखारने का बेहतरीन मंच भी बन सकता है। इस बात को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के आठवीं कक्षा के छात्र विवेक ने अपनी रचनात्मक कला से साबित कर दिखाया है। हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में आयोजित चार दिवसीय राज्यस्तरीय रत्नावली समारोह के क्राफ्ट मेले में नन्हे कलाकार विवेक की कलाकृतियां दर्शकों के आकर्षण का विशेष केंद्र बनी हुई हैं। स्टाल नम्बर 18 पर आने वाले दर्शक नन्हें कलाकार द्वारा बनाई चीजों की प्रशंसा कर रहे हैं। रत्नावली समारोह के क्राफ्ट मेले में जहां एक ओर युवा कलाकार अपनी रचनात्मकता और हुनर का प्रदर्शन कर रहे हैं, वहीं आठवीं कक्षा के छात्र विवेक अपनी अनूठी कलाकारी से लोगों को प्रभावित कर रहे हैं। विवेक द्वारा बनाए गए खूबसूरत ब्रेसलेट और आइसक्रीम स्टिक से तैयार की गई आकर्षक झोपड़ी को देखकर दर्शक उसकी कला और कल्पनाशीलता की सराहना कर रहे हैं। छोटी उम्र में इस तरह की रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन निश्चित रूप से दूसरे विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है। विवेक ने बताया कि उसने यू-ट्यूब पर वीडियो देखकर इन कलाकृतियों को बनाना सीखा है।



मीडिया चौपाल के मंच पर आजाद सिंह के चुटकुलों से गूंजे ठहाके

रत्नावली महोत्सव में हिंदी विभाग द्वारा संचालित हरियाणवी मीडिया चौपाल के मंच पर प्रसिद्ध हरियाणवी हास्य कलाकार आजाद सिंह ने अपनी ठेठ देसी शैली, शानदार हाजिरजवाबी और चुटीले अंदाज से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। उनके हरियाणवी चुटकुलों और मजेदार किस्सों ने कार्यक्रम में ऐसा समां बांधा कि पूरा सभागार ठहाकों से गूंज उठा। हरियाणा के ग्रामीण परिवेश से जुड़े आजाद सिंह अपनी शुद्ध हरियाणवी बोली, हास्य-व्यंग्य और बेबाक संवाद शैली के लिए पहचाने जाते हैं। उन्होंने अपने चुटकुलों में ग्रामीण जीवन, पारिवारिक रिश्तों और सामाजिक परिस्थितियों को हास्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। रोजमर्रा के जीवन से जुड़े उनके किस्सों ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया। विशेष रूप से हरियाणवी पारिवारिक और सामाजिक रिश्तों पर आधारित उनके चुटीले संवादों ने खूब तालियां बटोरीं। बच्चों और विद्यार्थियों ने उनके हर अंदाज का भरपूर आनंद लिया।



कुरुक्षेत्र। रागिनी की प्रस्तुति देते कलाकार।



कुरुक्षेत्र। हरियाणवी फैशन शो रैंप पर कैटवॉक करते युवा।

गोहाना के जलेब ने घोली देसी मिठास



हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित चार दिवसीय राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह में हरियाणवी संस्कृति के रंगों के साथ-साथ पारंपरिक खानपान की मिठास भी खूब बिखर रही है। समारोह में ताऊ बलजीत के गोहाना के प्रसिद्ध जलेब दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। देशी घी में तैयार करारे और स्वादिष्ट जलेब का जायका चखने के लिए समारोह में आने वाले दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। हरियाणा की पहचान माने जाने वाले गोहाना के जलेब अपनी खास बनावट, स्वाद और पारंपरिक तैयारी के लिए मशहूर हैं। इन जलेबों की खासियत है कि इन्हें मूंग, चने और उड़द की दाल के खमीर से तैयार किया जाता है, जो इन्हें खास स्वाद और कुरकुरापन प्रदान करता है। देशी घी में तलने के बाद इनका सुनहरा रंग, करारा स्वाद और मिठास हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करती है।

खबर संक्षेप

ट्रक से 25 किलो डोडा चूरापोस्त बरामद, दो काबू

यमुनानगर। ट्रक में रखकर हजारों रुपये की डोडा चूरापोस्त को कहीं ले जा रहे ट्रक चालक व उसके सहायक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 25 किलो डोडा चूरापोस्त बरामद की है। पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें अदालत मं पेश कर रिमांड पर ले लिया। एंटी नारकोटिक सेल के इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि दो युवक कुलदीप नगर मार्केट के नजदीक चांदपुर अंडरपास के पास अपने ट्रक में नशीले पदार्थ बेचने के लिए खड़े हैं।

ओलेक्स पर नौकरी का झांसा देकर ठगी, केस दर्ज

यमुनानगर। ओलेक्स पर नौकरी दिलाने का विज्ञापन देकर बेरोजगारों से ठगी करने के आरोप में पुलिस ने एक बैंक के खाता धारक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले में साइबर क्राइम पुलिस ने जांच शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि साइबर क्राइम पुलिस की जांच में सामने आया है कि नौकरी दिलाने के नाम पर की गई ठगी से जुड़ी चार अलग अलग शिकायतों में एक ही बैंक खाते में रकम ट्रांसफर हुई है। पुलिस ने बैंक खाते के धारक अश्विनी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साइबर हरियाणा की ओर से म्यूल बैंक खातों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

जठलाना में गोदाम पर खाद्य विभाग की छापेमारी

- डेयरी की दुकान करने वाले दुकानदार के गोदाम में खोया, दही व भारी मात्रा में पटाखे मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

खाद्य आपूर्ति विभाग व पुलिस की टीम ने जठलाना में डेयरी की दुकान कर रहे दुकानदार के गोदाम में छापामारी करके जहां खोया व दही के सेंपल लिए। वहीं, गोदाम से भारी मात्रा में पटाखे भी बरामद किए। पुलिस व खाद्य आपूर्ति विभाग ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारी गुलाब सिंह ने बताया कि उन्हें पुलिस ने सूचना दी थी कि डेयरी की दुकान करने वाले दुकानदार के गोदाम में खोया, दही व भारी मात्रा में पटाखे रखे हुए हैं। सूचना मिलते ही वह विभागीय कर्मचारियों की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गोदाम में रखे खोया व दही के सैंपल लेकर प्रयोग शाला में भेज दिए। उन्होंने बताया कि सैंपलों की रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, पुलिस ने बरामद हुए पटाखों को कब्जे में लेकर आरोपी दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी।



यमुनानगर। कार्रवाई करते पुलिस व खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारी।

बिना लाइसेंस के गोदाम में पटाखे किए जमा

जठलाना थाना के प्रभारी आनंद प्रकाश ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कस्बा की अनाजमंडी के पास बने गोदाम में संदिग्ध रुप से खोया व दही रखी हुई है। सूचना मिलते ही उन्होंने छापामारी कर जांच की तो वहां पर खोया व दही के साथ भारी मात्रा में पटाखे भी बरामद हुए। थाना प्रभारी ने बताया कि बिना लाइसेंस के गोदाम में पटाखे जमा किए गए थे। जो कानून जुर्म है। जिसको लेकर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

प्रॉपर्टी डीलर पर हथौड़े, कुल्हाड़ी व कैंची से हमला, दो काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

पुलिस ने मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को काबू किया। आरोपियों को अदालत में पेश किया गया जहां एक आरोपी दीपक को न्यायिक हिरासत में और दूसरे आरोपी जसपाल को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक रविंद्र ने बताया कि गांव शहजादपुर के कैलाश चंद ने बताया था कि वह प्रॉपर्टी का काम करते हैं। 31 अक्तूबर की दोपहर करीब 2:30 बजे वह अपने भाई बिमल कुमार के घर बैठे थे। इसी दौरान उनके बेटे अनमोल का फोन आया कि कुछ लड़के उनकी किराए पर दी हुई दुकान का ताला तोड़ रहे हैं। सूचना मिलते ही मैं मौके पर पहुंचा और उन्हें रोकने की कोशिश की तो हथौड़े, कुल्हाड़ी और कैंची से किया हमला आरोपियों ने उन पर हमला बोल दिया। वारदात नजदीक लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। शोर सुनकर जब पीड़ित की पत्नी बीच-बचाव करने पहुंची तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। हमले में गंभीर रूप से घायल होकर कैलाश चन्द मौके पर ही बेहोश हो गए।



शहजादपुर। सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हमले का दृश्य।

जान से मारने की धमकी देकर फरार हुए आरोपी

वारदात के बाद आरोपी अपने हथियार मौके पर ही छोड़कर भाग निकले। जाते-जाते वे पीड़ित और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे गए और कहा कि /"वे दुकान पर कब्जा लेकर ही रहेंगे।/" इसके बाद पीड़ित के बेटे ने डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी। परिजन तुरंत घायल कैलाश चंद को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए। अब पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपक व जसपाल को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपी दीपक को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया व आरोपी जसपाल को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।जांच अधिकारी ने बताया कि रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी और अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

कनाडा में करनाल के युवक की हार्ट अटैक से मौत, शव लाने को 25 लाख की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कनाडा के टोरंटो में हार्ट अटैक से करनाल के 27 वर्षीय युवक प्रदीप कुमार की मौत हो गई। प्रदीप वहां विद्यार्थी वीजा पर गया था और पिछले चार साल से फूड डिलीवरी का काम कर परिवार की आर्थिक मदद कर रहा था। उसकी अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। अब परिजन बेटे का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन और संस्कार के लिए भारत लाना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए करीब 25 लाख रुपये का खर्च बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार प्रदीप टोरंटो के डाउनटाउन इलाके में फूड डिलीवरी ड्राइवर के रूप में काम करता था। उसके पिता करनाल कोर्ट में मुंशी हैं, जबकि छोटा भाई वकालत करता है। परिवार के अनुसार प्रदीप पिछले चार साल से विदेश में रहकर मेहनत कर रहा था और घर की आर्थिक मदद भेजता था। इस दौरान वह माता-पिता से मिलने भारत भी नहीं आ पाया था।



दोस्त ने शुरू किया आर्थिक मदद जुटाने का अभियान

प्रदीप के दोस्त अनिल ने उसका पार्थिव शरीर भारत लाने के लिए आर्थिक सहायता जुटाने का अभियान शुरू किया है। उन्होंने लोगों से अपनी क्षमता के अनुसार सहयोग करने की अपील की है। अनिल ने कहा कि जो लोग आर्थिक मदद नहीं कर सकते, वे इस अभियान की जानकारी अन्य लोगों तक पहुंचाएं, ताकि परिवार को बेटे के अंतिम दर्शन करने का अवसर मिल सके।

पश्चिमी यमुना नहर में मिला पांच दिन से लापता युवक का शव

करनाल। करनाल में जैनपुर गांव के पास पश्चिमी यमुना नहर में सोमवार सुबह एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान यमुनानगर निवासी 35 वर्षीय अमित कुमार के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस और गोताखोर मौके पर पहुंचे। युवक की बहन ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव की पहचान की। गोताखोर आबिद खान के अनुसार करीब पांच दिन पहले उन्हें सूचना मिली थी कि एक युवक नहर में डूब गया है। इसके बाद से ही वे नहर में उसकी तलाश कर रहे थे। सोमवार सुबह शव दिखाई देने पर उसे नहर से बाहर निकाला गया और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा शव पुलिस ने परिजनों को मौके पर बुलाया, जहां मृतक की बहन ने उसकी पहचान अमित कुमार के रूप में की। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर करनाल के मोर्चरी हाउस में भिजवा दिया गया। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। फिलहाल युवक के नहर में डूबने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। शुरुआती जानकारी में आत्महत्या की आशंका भी जताई जा रही है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य तथ्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

हीरो फिनकॉर्प को उपभोक्ता अदालत से झटका

आरटीआई एक्टिविस्ट से फालतू लिए 123008 रुपए 9 परसेंट ब्याज सहित लौटाने के आदेश

- 11हजार रुपए मुआवजा राशि व 5500 रुपए वकील की फीस भी देनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला उपभोक्ता न्यायालय ने देश की नामी फाइनेंस कंपनी हीरो फिनकॉर्प को आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर से फालतू वसूले 123008 रुपए 9 परसेंट ब्याज सहित लौटने के आदेश किए हैं। इसके साथ कपूर को हुई परेशानी का 11 हजार रुपए मुआवजा व वकील की फीस 5500 रुपए भी देने के कंपनी को आदेश किए हैं।

यह है मामला

आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने 16 अप्रैल 2021 को एडवोकेट संजय कुमार व पूनम कुमारी एडवोकेट की मार्फत जिला उपभोक्ता न्यायालय में वसंत विहार दिल्ली की हीरो फिनकॉर्प कम्पनी के विरुद्ध केस दायर कर बताया कि उन्होंने जून 2018 को कंपनी से कुल 2725979 रुपए लोन अगेंस्ट प्रॉपर्टी लिया था, जोकि 7 दिसंबर 2020 को समय से पहले एकमुश्त चुकता कर दिया था। लोन चुकता करने के बाद कपूर ने कंपनी से अदा की गई समस्त धनराशि की विस्तृत जानकारी मांगी तो कंपनी द्वारा 123008 रुपए की फालतू राशि वसूलने का खुलासा हुआ। याचिका में कपूर ने आरोप लगाया कि कंपनी ने उनसे समय से पहले लोन चुकता करने पर 123008 रुपए की जुर्माना राशि वसूल कर ली जोकि लोन एग्रीमेंट की शर्तों की स्पष्ट उल्लंघना थी। कपूर ने फालतू ली गई यह धन राशि वापिस लौटने की गुहार लगाई तो कंपनी ने धनराशि फालतू लेने की बात लिखित कबूल करने के बावजूद भी फालतू ली गई धन राशि नहीं लौटाई। इस पर कपूर ने गत 16 अप्रैल 2021 को जिला उपभोक्ता न्यायालय का द्वार खट खटा कर न्याय की गुहार लगाई। जिला उपभोक्ता न्यायालय के अध्यक्ष डॉ.आर के डोगरा, सदस्यों डॉ. रेखा चौधरी व विनीत कौशिक ने दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात शिकायतकर्ता पीपी कपूर के आरोपों को सही पाया। जिला उपभोक्ता न्यायालय ने गत 27 अक्टूबर को हीरो फिनकॉर्प कम्पनी को शिकायतकर्ता से फालतू लिए हुए 123008 रुपए शिकायत केस दायर करने की तारीख से ऑर्डर होने तक की अवधि के लिए 9 परसेंट ब्याज सहित वापिस 45 दिन में लौटने के आदेश किए हैं।

ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से मासूम की मौत

मोटरसाइकिल सवार छह वर्षीय बेटी की मौत, दंपति समेत तीन घायल

- मां माया देवी, पत्नी पूजा और छह वर्षीय बेटी तनु के साथ व्यासपुर सामान खरीदने के लिए जा रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला के गांव संधाय के नजदीक ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार एक छह वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। जबकि मृतका बच्ची की मां, पिता व दादी घायल हो गई। घायलों को अस्पताल में भरती करवाया गया। वहीं, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक गांव गांव छल्लौर निवासी अनुज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मोटरसाइकिल पर अपनी मां माया देवी, पत्नी पूजा और छह वर्षीय बेटी तनु के साथ व्यासपुर सामान खरीदने के लिए जा रहा था। रास्ते में गांव संधाय के नजदीक उन्हें ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह चारों बाइक समेत सड़क पर गिर गए। हादसे में सभी को गंभीर चोटें आई। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसकी बेटी तनु को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। मामले की जांच कर रहे थाना प्रभारी विनोद ने बताया कि पीड़ति की शिकायत पर आरोपी ट्रैक्टर ट्राली के चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



तनु।

प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश

पांच को शाह होंगे करनाल में, तैयारियों में जुटी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के 5 नवंबर को करनाल आगमन पर होने वाली 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा की तैयारियों को लेकर भाजपा ने गतिविधियां तेज कर दी हैं। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने सोमवार को करनाल पहुंचकर पार्टी कार्यालय कर्ण कमल में प्रदेशभर के वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक ली और कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने सेक्टर-12 स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर प्रशासनिक अधिकारियों से व्यवस्थाओं पर चर्चा की।

बैठक में प्रदेश महामंत्री गोपाल शर्मा, सत्यप्रकाश जरावता, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक गुर्जर, जवाहर सैनी, लक्ष्मण यादव, महापौर रेणु बाला गुप्ता और विधायक जगमोहन आनंद सहित वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में पदयात्रा के मार्ग, कार्यकर्ताओं की भागीदारी, स्वागत व्यवस्था और संगठनात्मक जिम्मेदारियों पर विचार-विमर्श किया गया। विधायक जगमोहन आनंद को पदयात्रा का संयोजक बनाया गया है। डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि 5 नवंबर को करनाल में होने वाला कार्यक्रम 22 अक्टूबर से प्रदेशभर में चलाए जा रहे अभियान का समापन होगा।



करनाल। पदयात्रा की तैयारियों की समीक्षा करतीं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष।

सेक्टर-12 से महात्मा गांधी चौक तक निकलेगी पदयात्रा

बैठक के बाद प्रदेशाध्यक्ष ने सेक्टर-12 स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मंच, पार्किंग, सुरक्षा और यातायात व्यवस्थाओं के साथ सेक्टर-12 से महात्मा गांधी चौक तक प्रस्तावित पदयात्रा मार्ग का जायजा लिया। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाएं और आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। डॉ. गुप्ता ने बताया कि 5 नवंबर को प्रातः 10 बजे अमित शाह के नेतृत्व में पदयात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोकतांत्रिक संस्थाओं के सम्मान और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा का संदेश दिया गया है। बैठक एवं निरीक्षण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, जिला प्रभारी जवाहर यादव सहित प्रदेश और जिला स्तर के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

निगमायुक्त ने अधिकारियों को दिए मुख्य मार्गों से अवैध होर्डिंग व पोस्टर हटाने के निर्देश

नगर निगम यमुनानगर प्रशासन ने शहर की सुंदरता बनाए रखने को लेकर चलाया अभियान

बिना अनुमति के होर्डिंग व पोस्टर लगाने पर होगी कार्रवाई : प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शहर की सुंदरता बिगाड़ने और सार्वजनिक संपत्तियों पर अवैध रूप से होर्डिंग, बैनर व पोस्टर लगाने वालों के खिलाफ नगर निगम ने सख्त रुख अपनाया है। निगम अब शहर में रोजाना विशेष अभियान चलाकर अवैध होर्डिंग, विज्ञापन, बैनर और पोस्टर हटाएगा। इसके साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ रोजाना चालान की कार्रवाई भी की जाएगी। निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने शहर से अवैध होर्डिंग व पोस्टर हटाए जाने के निर्देश दिए हैं।

प्रसाद ने आदेश जारी किए कि हरियाणा प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट 1989 और हरियाणा म्यूनिसिपल एडवर्टाइजमेंट बायलॉज 2022 के प्रावधानों के तहत यह अभियान चलाया जाए। उन्होंने निगम के सभी मुख्य सफाई निरीक्षकों को उनके संबंधित वार्डों और जोन में अवैध होर्डिंग, बिलबोर्ड, पोस्टर, बैनर और अन्य अनधिकृत विज्ञापनों को तुरंत हटाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसके चलते सोमवार को वार्ड एक से 7 तक मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह, वार्ड 8 से 15 तक मुख्य सफाई निरीक्षक गोविंद शर्मा और वार्ड 16 से 22 में मुख्य सफाई निरीक्षक अमित कांबोज के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया।



यमुनानगर। होर्डिंग व पोस्टर हटाते हुए निगम कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

नियमों का उल्लंघन करने पर एक्शन

नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि केवल अवैध विज्ञापन हटाने तक कार्रवाई सीमित नहीं रहेगी। बल्कि नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों और संस्थानों के खिलाफ प्रतिदिन चालान भी किए जाएंगे। इसके लिए अधिकारियों को नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

ग्रामीण और शहरी इलाकों में समुचित रूप से किए जा रहे हैं विकास कार्य : बहमनी

- नगर निगम यमुनानगर की मेयर सुमन बहमनी ने गांव रटौली में 23.29 लाख रुपये के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

यमुनानगर। नगर निगम द्वारा शहर के साथ साथ गांवों में भी विकास कार्यों को गति देते हुए आधारभूत सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। इसी कड़ी में मेयर सुमन बहमनी ने नगर निगम के वार्ड नंबर एक के गांव रटौली में 23 लाख 29 हजार रुपये की लागत से सामुदायिक भवन के नवीनीकरण कार्य का शिलान्यास किया। इस कार्य के पूरा होने से गांव के लोगों को सामाजिक, धार्मिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नगर निगम का संकल्प शहर के साथ साथ गांवों का भी समान रूप से विकास करना है। गांवों में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाकर ग्रामीणों को सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध करवाया जा रहा है। सामुदायिक भवन गांव की सामाजिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र होते हैं। इनके नवीनीकरण से ग्रामीणों को अपने कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बेहतर स्थान मिलेगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा और शहर से लेकर गांवों तक विकास की रोशनी पहुंचाई जाएगी। मौके पर साढ़ौरा के पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता देना सराहनीय कदम है। सामुदायिक भवन का नवीनीकरण होने से गांव के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। ऐसे कार्य ग्रामीणों की जरूरतों को पूरा करने के साथ गांवों के सामाजिक ढांचे को भी मजबूत करते हैं।



यमुनानगर। सामुदायिक केंद्र के नवीनीकरण के कार्य का शिलान्यास करने के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते मेयर सुमन बहमनी।

न्यूज डायरी



गली धंसने से छिंबी मोहल्ला निवासी परेशान

राढ़ौर। जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगभग सात-आठ महीने पहले छिंबी मोहल्ला में गली में पाइपलाइन डालने के बाद रिपेयर की गई थी। नगरपालिका द्वारा गली को नए सिरे से बनवाया जाना था। लेकिन अभी तक नगरपालिका की ओर से गली को नहीं बनवाया गया है। जिस कारण गली में लगी ईंटे धस गई हैं। जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। जिससे स्थानीय लोगों में विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष है। स्थानीय निवासियों प्रदीप, मनीष, संयम, लाडी, सोनू, शेर सिंह आदि ने बताया कि गली धंसने से एक बड़ा गड्ढा बन गया है। जिसमें आए दिन वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। गली नीची होने से बरसात के दिनों में गली में पानी जमा हो जाता है। जिससे जहरीले सांप व बिच्छू गली में निकल आते हैं। स्थानीय लोगों को सांप बिच्छू का खतरा हमेशा बना रहता है।



प्राचीन पक्का घाट की सीढ़ियां हुईं क्षतिग्रस्त

राढ़ौर। राढ़ौर में श्रद्धालुओं की श्रद्धा को देखते हुए करीब दो सौ वर्ष पहले पश्चिमी यमुना नहर किनारे बनाए गए पक्का घाट की सीढ़ियां क्षतिग्रस्त होने से लोग परेशान हैं। कस्बा के नागरिकों व रोटरी क्लब राढ़ौर के सदस्यों ने नगर पालिका से लोगों की आस्था के केंद्र पक्का घाट की रिपेयर करवाए जाने की मांग की है। रोटरी क्लब के प्रधान भारत माटिया व पूर्व प्रधान डॉ. एससी सैनी ने बताया कि राढ़ौर का पक्का घाट लगभग दो सौ वर्ष पुराना है। जहां सभी त्योहारो में स्थानीय लोग भारी संख्या में पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचते हैं। नपा की ओर से इस घाट को कुछ वर्ष पहले लाखों रूपये खर्च करके बनवाया गया था। लेकिन अब पक्का घाट की सीढ़ियां क्षतिग्रस्त होने लगी हैं। आलम यह है कि अधिकांश सीढ़ियां टूट कर बिखरने लगी हैं। उन्होंने नगरपालिका से पक्का घाट की रिपेयर करवाए जाने की मांग की। इस संबंध में नपा सचिव सुरेंद्र मलिक ने बताया कि जल्द ही पक्का घाट की रिपेयर करवाई जाएगी।



टीम-सी ने जीती विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

राढ़ौर। एमडीवीएम पब्लिक स्कूल हाफिजपुर में सोमवार को कक्षा 6वीं से 8वीं तक के लिए विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक क्षमता, ज्ञान एवं टीम भावना को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता में चार टीमें टीम ए, टीम बी, टीम सी व टीम डी बनाई गईं। इसमें चार रोचक राउंड आयोजित किए गए जिनमें बजर राउंड, रैपिड फायर राउंड, वन वर्ड आंसर राउंड तथा बहुविकल्पीय प्रश्न राउंड शामिल थे। क्विज में विद्यार्थियों से विज्ञान के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में टीम सी के प्रतिभागी सृष्टि, रुही, अन्नी व तनिष सैनी प्रथम स्थान पर रहे। जबकि टीम डी में शामिल कनिका, लविश, किरात व कविश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायकों की भूमिका नंदिनी एवं आरती ने निभाई। जबकि प्रतियोगिता का संचालन मुनीश एवं अंजली कांबोज ने किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू गुलाटी एवं अकादमिक डायरेक्टर सोनाली कांबोज ने विजेता विद्यार्थियों सहित सभी प्रतिभागियों की सराहना की।



भ्रष्टाचार के खिलाफ ग्रामीणों ने लिया संकल्प

यमुनानगर। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर गांव रसूलपुर में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (पीएनबी आरएसईटीआई) यमुनानगर के निदेशक रवि प्रकाश गोयल ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया।

मुख्यातिथि एवं निदेशक रवि प्रकाश गोयल ने कहा कि भ्रष्टाचार केवल एक सामाजिक बुराई नहीं है। बल्कि देश की प्रगति में बाधा भी है। इसे समाप्त करने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने दैनिक जीवन में ईमानदारी, पारदर्शिता एवं नैतिक मूल्यों को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि सतर्कता जागरूकता का उद्देश्य केवल भ्रष्टाचार के प्रति सचेत करना नहीं है। बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाना भी है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ग्रामीणों को पीएनबी आरएसईटीआई यमुनानगर द्वारा संचालित विभिन्न रोजगारपरक एवं स्वरोजगार से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्थान में ग्रामीण युवक युवतियों एवं महिलाओं को विभिन्न व्यवसायों में कौशल प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क प्रदान किया जाता है। ताकि वे प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकें तथा आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने परिवार एवं आसपास के युवाओं को इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़ने के लिए प्रेरित करें।



पेंशनर्स करवाएं जीवन प्रमाणपत्र जमा: बड़शामी

राढ़ौर। हरियाणा पेंशनर्स वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों की राढ़ौर कांबोज धर्मशाला में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सोसायटी के प्रधान ओमप्रकाश बड़शामी ने की। सोसायटी के सरंक्षक राजपाल ने पेंशनरों से नवंबर 2026 में अपना जीवन प्रमाणपत्र देने का अनुरोध किया। सभी पेंशनर सरकारी आदेशानुसार अपनी अपनी आयु वर्ग के अनुसार अपनी अपनी खजाना या उप खजाना, पेंशन बुक की मूल प्रति, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक जमा करवाए जाने के लिए अनुरोध किया। मौके पर सोसायटी के प्रधान ओमप्रकाश बड़शामी बताया कि 80 वर्ष से ऊपर के पेंशनर 2 से 6 नवंबर तक, 71 से 80 वर्ष के पेंशनर 10 से 13 नवंबर तक, 65 से 71 वर्ष के पेंशनर 16 से 20 नवंबर तक व 58 से 65 वर्ष के पेंशनर 23 से 30 नवंबर तक अपने प्रमाणपत्र जमा करवाने होंगे। उन्होंने सरकार से 65, 70, 75 पर 5, 10 व 15 प्रतिशत का लाभ दिए जाने की मांग की। इसके अलावा मेडिकल भत्ता तीन हजार रूपये किए जाने की मांग की गई। अदालत के निर्णय सभी पर लागू किया जाए। कैशलेस का पोर्टल चालू किए जाने व सभी पेंशनरों के कार्ड बनाए जाने की मांग की। इस अवसर पर मास्टर बलजीत रोहिला, रामचंद्र सैनी, राजपाल, रामेश्वर, राजकुमार, अमृतलाल, कुडाराम, चानन दास, योगेश दत्त, कुलदीप शर्मा, बीर सिंह, मोलू राम, बलवंत सिंह व अमरलाल आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। राढ़ौर स्थित जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित आनलाइन ई.सम्मिट में भाग लेते विद्यार्थी।

सफल उद्यमी होने के लिए दृढ़ संकल्पित होना जरूरी: डॉ. गर्ग

- जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज राढ़ौर में ऑनलाइन ई.सम्मिट की डॉ. एसके गर्ग ने की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज राढ़ौर में ईडी सेल द्वारा आनलाइन ई.सम्मिट का आयोजन किया गया। आनलाइन ई.सम्मिट में संस्थान के पूर्व विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पूर्व विद्यार्थियों ने अपने अनुभवों को सांझा किया। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने की।

ये रहे वक्ता

अन्य वक्ताओं में श्रुति कक्कड़, अभिनव गोयल, दमनदीप सिंह, निशांत खरबंदा, मुनीश कुमार, राहुल खरकाली, अमित त्यागी, अंजली गोयल व ईशान चुग ने उद्यमिता के क्षेत्र में अपने अपने अनुभवों एवं संघर्ष से सबको अवगत करवाया। पूर्व छात्र निशांत खरबंदा कनाडा से इस अवसर पर जुड़े। ऐसे प्रतिभावान एलुमनी के विचारों से विद्यार्थियों अपने उद्यम लगाने की नई दिशा मिली। इस अवसर पर संस्थान की ईडी सेल की इंचार्ज डॉ. अनुजा गोयल ने सभी का धन्यवाद किया।

शिविरों में शिकायतों का हो रहा शीघ्र निपटान

- जिला सचिवालय में लगाए गए जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर में पीयूष गुप्ता ने सुनीं लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को लघु सचिवाल में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सीटीएम पीयूष गुप्ता ने लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने अधिकांश समस्याओं का मौके पर निपटान कर दिया। जबकि अन्य शेष बची समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के पास भेजकर उनका शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।

सीटीएम पीयूष गुप्ता ने बताया कि सोमवार को आयोजित समस्या समाधान शिविर में जो समस्याएं आई हैं। उनमें प्रमुख रुप से कांसापुर निवासी सुदीप ने खाली प्लाट की रजिस्ट्री एवं निर्माण में आने वाली बाधाओं को दूर करने बारे, सरस्वतीनगर निवासी सुखराज ने मार्किट कमेटी की सडकÞ की रिपेयरिंग की जांच करवाने बारे, कांसापुर निवासी मुकेश कुमार ने राशन कार्ड ठीक करवाने बारे व राढ़ौर निवासी मुकेश कुमार ने परिवार पहचान पत्र ठीक करवाने बारे समेत अन्य समस्याएं रखी गई। जिनमें से अधिकांश समस्याओं का मौके पर निपटान कर दिया गया। जबकि शेष बची समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को सौंपकर उनका शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधीक्षक उपायुक्त कार्यालय अतुल कुमार व समाधान शिविर के विशेष सदस्य खरैती लाल बतरा आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। लघुसचिवालय में आयोजित जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए सीटीएम पीयूष गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

सप्ताह में दो दिन आयोजित किए जा रहे हैं शिविर

सीटीएम पीयूष गुप्ता ने बताया कि सप्ताह में सोमवार व वीरवार को दो दिन जिलास्तरीय व उपमंडलस्तरीय समस्या समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह समस्या समाधान शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन लघु सचिवालय में और उपमंडल स्तरीय समस्या समाधान शिविरों का आयोजन उपमंडल कार्यालयों में आयोजित किए जा रहे हैं। सीटीएम पीयूष गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं का मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित किया जा रहा है।

एथलेटिक्स मीट में 47 पदकों के साथ हासिल किया दूसरा स्थान

- इंडियन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल राढ़ौर के खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा की झलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राढ़ौर

इंडियन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल राढ़ौर के विद्यार्थियों ने खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। 30 व 31 अक्टूबर को संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल लाडवा में आयोजित स्वर्गीय ओम प्रकाश गर्ग मेमोरियल एथलेटिक्स मीट 2026-27 में स्कूल के विद्यार्थियों ने 47 पदक जीतकर द्वितीय स्थान हासिल कर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ईश कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता के अंतर्गत 100, 200, 400 व 800 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, रिले रेस सहित विभिन्न खेल स्पर्धाएं आयोजित की गईं। इंडियन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल राढ़ौर के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, मेहनत व खेल कौशल का परिचय देते हुए कुल 47 पदक जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। उन्होंने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी।



यमुनानगर। इंडियन पब्लिक स्कूल के प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

सेवा के क्षेत्र में ध्यानपुर धाम ने छुईं नई ऊंचाइयां: मेहता

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

श्रीलालद्वारा मंदिर कमेटी के बैनर तले यमुनानगर से श्रीध्यानपुर धाम बटाला में गद्दी नशीन श्री श्री 1008 महंत सुंदर दास महाराज की ताजपोशी के रजत जयंती समारोह में भाग लेने के बाद देर रात वापस लौट गया। श्रद्धालुओं के जत्थे के वापस लौटने पर श्री लालद्वारा मंदिर यमुनानगर में जोरदार स्वागत किया गया। जत्थे का नेतृत्व श्रीलालद्वारा मंदिर के प्रधान रमेश मेहता ने किया। श्रीलालद्वारा मंदिर कमेटी के प्रधान रमेश मेहता व वरिष्ठ उप प्रधान योगेश शर्मा ने बताया कि गत दिवस श्री ध्यानपुर धाम बटाला में रजत जयंती समारोह में हजारों श्रद्धालु पहुंचे थे। यमुनानगर से भी सैंकड़ो श्रद्धालुओं ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि रजत जयंती समारोह के दौरान पूजा अर्चना व विशाल भंडारे और सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य कमाया। जत्थे में शामिल आचार्य गोपाल राज,विजय शर्मा, देवेंद्र मेहता, नरेंद्र ओबरॉय, सुरेंद्र मेहता, आरके वोहरा,विनोद सोही, प्रदीप चड्ढा, संदीप दत्ता , वासुदेव वर्मा,घनश्याम शर्मा, नरेंद्र मेहता, बॉबी वासन व राजीव ऐरी आदि मुख्य रुप से शामिल रहे।



यमुनानगर। श्रीलालद्वारा मंदिर में वापस लौटे जत्थे का नेतृत्व कर रहे प्रधान व पदाधिकारी जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

अपील पुलिस अधीक्षक बोले- संभल कर चलें, थोड़ी सी लापरवाही से हो सकता है बढ़ा नुकसान

यातायात नियमों की पालना करना सभी की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

यातायात के नियमों की पालना करना प्रत्येक वाहन चालक की जिम्मेदारी है। ताकि सड़क हादसों से बचा जा सके। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने वाहन चालकों को सुरक्षित सफर के लिए यातायात के नियमों का कड़ाई से पालन करने के लिए आहवान किया। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि सड़क पर चलते समय थोड़ी सी लापरवाही हादसे का कारण बन सकती है।

उन्होंने त्योहारों के दौरान यात्रियों की संख्या बढ़ने के मद्देनजर जिला पुलिस ने वाहन चालकों से सुरक्षित यात्रा करने और यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि त्योहारों की खुशियां सुरक्षित घर पहुंचने पर ही पूरी होती हैं। इसलिए वाहन चालक सफर के दौरान जल्दबाजी, लापरवाही और ओवरटेकिंग से बचें तथा अपनी और दूसरों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

उन्होंने कहा कि लंबी दूरी की यात्रा पर निकलने से पहले वाहन के ब्रेक, टायर, लाइट, इंडिकेटर और अन्य जरूरी उपकरणों की जांच अवश्य करें। दोपहिया वाहन चालक हेलमेट तथा कार चालक सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। सीट बेल्ट लगाने से हादसे के समय कम क्षति पहुंचने की उम्मीद रहती है। उन्होंने लोगों से वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करने और नशा करने के बाद किसी भी परिस्थिति में वाहन नहीं चलाने का अनुरोध किया।



यमुनानगर। वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना करने के लिए आहवान करते हुए एसपी कमलदीप गोयल।

हर व्यक्ति की जान कीमती

उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों की पालना बेहद जरूरी है। सड़क पर प्रत्येक व्यक्ति की जान कीमती है। आपकी थोड़ी सी सावधानी आपके परिवार को बड़ी परेशानी से बचा सकती है। यह जरूरी है कि सड़क पर चलते समय हर व्यक्ति यातायात नियमों का पूरी तरह से पालन करे। खासतौर पर वाहन चालक नियमों का पूरा ध्यान रखें। हादसे में व्यक्ति नहीं बल्कि पूरा परिवार तबाह हो जाता है।

वाहन चलाते समय इन बातों का रखें ध्यान

यमुनानगर के पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि लंबी यात्रा के दौरान थकान या नींद महसूस होने पर वाहन सुरक्षित स्थान पर रोककर आराम करें। वहीं, निर्धारित गति सीमा का पालन करें और तेज रफ्तार से वाहन न चलाएं। गलत दिशा में वाहन चलाने और खतरनाक तरीके से ओवरटेक करने से बचें। वहीं, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात या मैसेज न करें। दोपहिया वाहन पर चालक सहित सभी सवार हेलमेट का प्रयोग करें। कार में सभी यात्रियों के लिए सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य सुनिश्चित करें। बच्चों को वाहन की अगली सीट पर बैठाने से बचें तथा निर्धारित सुरक्षा उपाय अपनाएं। वहीं, वाहन चलाते समय आगे चल रहे वाहन से उचित दूरी बनाए रखें। इसी तरह यातायात संकेतों, ट्रैफिक लाइट और सड़क पर बनी स्टॉप लाइन का पालन करें और वाहन के सभी जरूरी दस्तावेज साथ रखें और निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही वाहन खड़ा करें।

खबर संक्षेप

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चार्वी ने जीता स्वर्ण

कुरुक्षेत्र। हरियाणा राज्य खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2026-27 में टैगोर ग्लोबल स्कूल, कुरुक्षेत्र की छात्रा चार्वी शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। अंडर-11 आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर चार्वी ने विद्यालय के साथ-साथ अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है। चार्वी ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल किया।



जैसा पुरुषार्थ करोगे, वैसा ही प्रारब्ध बनेगा : औलिया

कुरुक्षेत्र। समर्थगुरु धाम मुरथल के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया के सान्निध्य में समर्थगुरु आनंद धाम, माधोपुर (पंजाब) में 26 से 31 अक्टूबर तक छह दिवसीय माधोपुर महोत्सव का आयोजन आध्यात्मिक उल्लास और उत्साह के साथ किया गया। इस दौरान ध्यान योग, प्रेम प्रज्ञा, सुरति योग, मंगल प्रज्ञा और विशेष वैराग्य उपनिषद कार्यक्रम आयोजित किए गए। महोत्सव में समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया ने साधकों को जीवन में प्रेम, आनंद और संयम अपनाने के विशेष सूत्र दिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य जैसा पुरुषार्थ करता है, वैसा ही उसका प्रारब्ध बनता है। जो हम बोते हैं, वही काटते हैं।



खाटू श्याम के लिए विशेष बस सेवा आज से

कुरुक्षेत्र। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हरियाणा राज्य परिवहन कुरुक्षेत्र द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लाडवा बस स्टैंड से खाटू श्याम जी के लिए विशेष सीधी बस सेवा शुरू करने का निर्णय लिया गया है। यह विशेष बस सेवा 3 नवम्बर 2026 दिन मंगलवार से नियमित रूप से संचालित की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह बस लाडवा बस स्टैंड से प्रातः 6:10 बजे प्रस्थान करेगी और नया बस स्टैंड कुरुक्षेत्र से प्रातः 6:40 बजे वाया कुरुक्षेत्र होते हुए खाटू श्याम जी के लिए रवाना होगी। वापसी में यही बस अगले दिन खाटू श्याम जी से प्रातः 6:30 बजे लाडवा के लिए रवाना होगी।

आरोपियों को मिलेगी कानूनी सहायता

थानेसर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में डीएलएसए कुरुक्षेत्र की तरफ से नवंबर 2026 के लिए लीगल एड काउंसिल के ड्यूटी रोस्टर जारी किया गया है। इस रोस्टर के तहत नियुक्त अधिवक्ता जिला कुरुक्षेत्र के विभिन्न पुलिस थानों का दौरा कर आरोपियों को गिरफ्तारी से पहले और गिरफ्तारी के समय आवश्यक कानूनी सहायता एवं परामर्श उपलब्ध करवाएंगे।



कला सृष्टि मंच के दीपावली मिलन समारोह में गीत, संगीत व नृत्य ने बांधा समां

कला के माध्यम से प्रेम, अपनत्व व सामाजिक सद्भाव का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

त्योहार केवल खुशियां मनाने का अवसर नहीं होते, बल्कि वे अपनों के करीब आने, रिश्तों में मिठास घोलने और जीवन में प्रेम एवं अपनत्व के रंग भरने का संदेश भी देते हैं। इसी भावना को साकार करते हुए नगर की प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्था कला सृष्टि मंच द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर रेलवे रोड स्थित एक होटल में भव्य दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। गीत, संगीत, नृत्य, काव्य पाठ और कव्वाली से सजी इस खुशनुमा शाम में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से खूब रंग जमाया और उपस्थित लोगों को आनंदित कर दिया। कला सृष्टि मंच पिछले कई वर्षों से नगर की सांस्कृतिक गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। संस्था से जुड़े नगर के प्रबुद्ध नागरिक, सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कला प्रेमी अपनी व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर गायन, अभिनय, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी कलात्मक रुचियों को जीवंत रखते हैं। संस्था का उद्देश्य केवल मनोरंजन करना नहीं, बल्कि कला के माध्यम से समाज में संवेदनशीलता, आपसी सद्भाव और रिश्तों की अहमियत को बनाए रखना भी है। अंतरराष्ट्रीय कलाकार एवं संस्था के प्रमुख बृज किशोर शर्मा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम की स्तुति से हुआ। इसके पश्चात कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर दीपावली की खुशियों को दोगुना कर दिया। सुरेखा, नमिता कौशिक, मानवी सेतिया एवं डॉ. स्वरित शर्मा ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। वहीं पूजा शर्मा, दीपक कौशिक, डॉ. सत्य भूषण, अश्विनी अरोड़ा, डॉ. स्वरित शर्मा, सहदेव शर्मा, विभा अग्रवाल, डॉ. अमरजीत सिंह एवं सौरभ चौधरी ने गीतों की शानदार प्रस्तुतियों से समारोह में उत्साह और उमंग का वातावरण बना दिया। राजेश सिंगला ने बताया कि कार्यक्रम में काव्य पाठ के माध्यम से भी दीपावली के उल्लास, जीवन की सकारात्मकता और मानवीय रिश्तों की खूबसूरती को अभिव्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि कला मनुष्य को जोड़ने का सबसे सुंदर माध्यम है और ऐसे आयोजन जीवन की एकरसता को दूर कर लोगों को एक-दूसरे के करीब लाते हैं।



कुरुक्षेत्र। समारोह में मौजूद गणमान्यजन व कलाकार।

अंतरराष्ट्रीय कलाकार बृज किशोर के मार्गदर्शन में दी मनमोहक प्रस्तुतियां

बृज किशोर शर्मा ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली केवल घरों में दीप जलाने का पर्व नहीं, बल्कि अपने भीतर प्रेम, करुणा, सद्भाव और संवेदनाओं का प्रकाश जगाने का अवसर है। हमें इस पर्व पर अपने पुराने रिश्तों को नई ऊर्जा देने, आपसी मनमुटाव भुलाने और परिवार एवं समाज में प्रेम का वातावरण बनाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि कला सृष्टि मंच का प्रयास है कि उम्र चाहे कोई भी हो, व्यक्ति के भीतर छिपी कला और रचनात्मकता सदैव जीवंत रहे। जब लोग मिलकर गीत गाते हैं, नृत्य करते हैं और अपनी भावनाएं साझा करते हैं तो जीवन में नई ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने सभी कलाकारों और उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कामना की कि दीपावली सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशियों का उजियारा लेकर आए। समारोह में नगर परिषद कुरुक्षेत्र की निवर्तमान अध्यक्षा उमा सुधा, प्रेरणा संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. जय भगवान सिंगला, गीता जयंती मेला प्राधिकरण के सदस्य सौरभ चौधरी, शिव कुमार किरमच, स्वाति गुप्ता, लक्ष्मी अरोड़ा, मंजू सिंगला, रेणू खुग्गर, डी.एस. स्वामी, हरबंस कौर, आशी खेत्रपाल, अन्नपूर्णा शर्मा, मदन लाल, जसबीर गुम्बर, विशाल शर्मा, वशिष्ठ जी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं कला प्रेमी उपस्थित रहे।

दीपावली पर हरियाणा कमेटी के कर्मियों को महंगाई भत्ते का तोहफा, बोनस भी दोगुना

3 हजार रुपये मिलेगा बोनस अधिकारियों का वेतन भी बढ़ा



कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के कर्मचारियों के लिए दीपावली खुशियों की सौगात लेकर आई है। लंबे समय से महंगाई भत्ते की किस्त का इंतजार कर रहे कर्मचारियों को कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने महंगाई भत्ता देने की घोषणा की है। इसके साथ ही कर्मचारियों को दीपावली बोनस के रूप में 3-3 हजार रुपये दिए जाएंगे, जो पिछली बार दिए गए 1500 रुपये से दोगुना है। मुख्य कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए जत्थेदार झींडा ने बताया कि कर्मचारियों को उनके वेतन के अनुसार 1 से 10 प्रतिशत तक महंगाई भत्ता दिया जाएगा। 10 से 12 हजार रुपये मासिक वेतन वालों को 10 प्रतिशत, 13 से 14 हजार वालों को 9 प्रतिशत, 15 से 16 हजार वालों को 8 प्रतिशत तथा 19 से 20 हजार वालों को 6 प्रतिशत भत्ता मिलेगा। वहीं, 20 से 25 हजार वेतन वालों को 5 प्रतिशत, 25 से 35 हजार वालों को 4 प्रतिशत, 35 से 49 हजार वालों को 3 प्रतिशत, 50 से 99 हजार वालों को 2 प्रतिशत और एक लाख रुपये से अधिक वेतन वालों को 1 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कमेटी के चीफ सेक्रेटरी, सचिव और ओएसडी के वेतन में भी 5-5 हजार रुपये की बढ़ोतरी की गई है। दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की दिहाड़ी बढ़ाकर 350 रुपये कर दी गई है।

अतिथि अध्यापकों का 14-15 को बड़े प्रदर्शन का ऐलान

- मांगों को लेकर लघु सचिवालय के में धरना प्रदर्शन जारी

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| कुरुक्षेत्र

अतिथि अध्यापकों की नियमितीकरण की मांग को लेकर चल रहा धरना सोमवार को 134वें दिन भी लघु सचिवालय में जारी रहा। राजकीय अनुबंधित अध्यापक संघ के आह्वान पर आयोजित धरने की अध्यक्षता मेवा सिंह पिलानिया ने की। इस दौरान जिला भिवानी के अतिथि अध्यापकों ने 24 घंटे के लिए धरने की जिम्मेदारी संभाली। वहीं, चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर के साथ अतिथि अध्यापकों के प्रतिनिधिमंडल की हुई बातचीत भी बेनतीजा रही। अध्यापक नेताओं ने कहा कि अतिथि अध्यापकों की भर्ती हरियाणा सरकार के वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव, शिक्षा विभाग के 29 नवंबर और 16 दिसंबर 2005 के आदेशों के तहत की गई थी। भर्ती प्रक्रिया में अधिकारियों को शक्तियां सौंपकर कमेटियों का गठन किया गया था। आवेदकों का चयन कमेटियों की सिफारिश पर मेरिट के आधार पर हुआ था। ऐसे में अतिथि अध्यापकों की नियुक्ति को सरकार द्वारा की गई नियुक्ति माना जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 16 और 18 जून 2014 की नियमितीकरण नीति की शर्तें सरकारी स्कूलों में कार्यरत अतिथि अध्यापक पूरी करते हैं। उनका तर्क है कि कॉलेज कैडर में कार्यरत अतिथि प्राध्यापकों को भी इसी नीति के तहत नियमित किया जा चुका है, जबकि उनकी भर्ती प्रक्रिया भी समान थी। अध्यापक नेताओं ने कहा कि 23 जून से लघु सचिवालय में नियमितीकरण की मांग को लेकर धरना चल रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक सभी अतिथि अध्यापक नियमित नहीं होते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। 14-15 नवंबर को कुरुक्षेत्र में होने वाले प्रदर्शन को लेकर प्रदेशभर के अतिथि अध्यापकों को लामबंद किया जाएगा।



कुरुक्षेत्र। लघु सचिवालय परिसर में धरने पर बैठे अतिथि अध्यापक।

जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

खंड के गांव बकली में सोमवार दोपहर करीब 2 बजे उस समय हडकंप मच गया जब जमीनी विवाद को लेकर परिवार के दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान दोनों पक्ष एक दूसरे पर गंभीर आरोप भी लगा रहे है। घटना की सुचना मिलते ही लाडवा डी.एस.पी.निर्मल व लाडवा थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजीव कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस टीम न केवल मौके पर मामले की जांच कर रही है, बल्कि लोगों के ब्यान भी दर्ज कर रही है। विवाद करीब दो कनाल 19 मरले जमीन को लेकर बताया जा रहा है। झगड़े के दौरान दोनों पक्षों के बीच गंभीर रूप से मारपीट हुई और वाहनों के शीशे भी तोड़ दिए गए। मौके पर पुलिस को जानकारी देते हुए गुरविंद ने आरोप लगाया कि जगप्रीत ने अपने दो-तीन अन्य साथियों के साथ मारपीट की। जमीनी विवाद होने के कारण दोनों पक्ष एक दूसरे पर आरोप लगा रहे है।



दोषी पर होगी सख्त कार्रवाई : डीएसपी

लाडवा डी.एस.पी. निर्मल ने कहा कि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने नहीं दिया जाएगा। जो भी इस मामले में दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जमीनी विवाद के कारण ही दोनों पक्षों में झगड़ होने का समाचार मिला था। पुलिस जांच कर रही है। शिकायत पर मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को बोनस और समय पर मिले वेतन : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गैर शिक्षक विश्वविद्यालय कर्मचारी संबंधित भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश विश्वविद्यालय मीडिया सचिव प्रवीन कश्यप ने हरियाणा सरकार से कौशल रोजगार निगम के तहत कार्यरत करीब 1.20 लाख कर्मचारियों को दीपावली पर बोनस देने और समय पर वेतन जारी करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इन कर्मचारियों को भी दीपावली और भैया दूज का त्योहार अन्य कर्मचारियों की तरह हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाने का अवसर मिलना चाहिए। प्रवीन कश्यप ने कहा कि कौशल रोजगार निगम के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न विभागों, संस्थानों और विश्वविद्यालयों में बड़ी संख्या में कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ये कर्मचारी भी सरकारी व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और पूरी मेहनत व जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्व निभा रहे हैं। ऐसे में त्योहारों के अवसर पर उनके साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की कि सभी 1.20 लाख कर्मचारियों को दीपावली बोनस दिया जाए तथा अक्तूबर माह का वेतन चार या पांच नवंबर तक उनके खातों में पहुंचाया जाए, ताकि कर्मचारी समय रहते त्योहार की तैयारियां कर सकें और अपने परिवार के साथ खुशियां बांट सकें। कश्यप ने कहा कि त्योहारों के समय आर्थिक सहयोग और समय पर वेतन मिलना कर्मचारियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। सरकार को कर्मचारियों की भावनाओं और जरूरतों को समझते हुए जल्द सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए, जिससे सभी कर्मचारी सम्मान और खुशी के साथ दीपावली एवं भैया दूज मना सकें।



उड़ाना गांव में 2148वां निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, 163 मरीजों का हुआ परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ करवाने और लोगों को बीमारियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, कुरुक्षेत्र की ओर से गांव उड़ाना में निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में कुल 163 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। यह डॉ. संजय शर्मा के नेतृत्व में आयोजित 2148वां निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर था। शिविर में एमडी मेडिसिन डॉ. अभिषेक टाया ने हार्ट अटैक के कारणों, लक्षणों और बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उच्च रक्तचाप, मधुमेह, बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल, धूम्रपान, तनाव, असंतुलित खानपान और शारीरिक निष्क्रियता हृदयाघात के प्रमुख जोखिम कारक हैं। महिलाओं में सीने के दर्द के अलावा जबड़े, गर्दन, पीठ और कंधों में दर्द, सांस लेने में परेशानी, चक्कर, मतली और अचानक पसीना आना भी हार्ट अटैक के संकेत हो सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सा सहायता लेनी चाहिए। उन्होंने प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट व्यायाम करने, संतुलित आहार लेने और नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने की सलाह दी। शिविर के मुख्य आयोजक एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा का उद्देश्य केवल बीमारी का उपचार करना नहीं, बल्कि लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना भी है। जरूरतमंदों तक चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाना और उन्हें सही मार्गदर्शन देना ही जनसेवा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस दौरान मरीजों की ब्लड शुगर, पल्स रेट और हीमोग्लोबिन सहित आवश्यक जांचें की गईं। शिविर के सूत्रधार एवं रंगकर्मी सुमेर शर्मा तथा सरपंच सुरेंद्र सिंह संधू ने डॉ. हिमांशु जैन, डॉ. अभिषेक टाया और डॉ. संजय शर्मा को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। सुमेर शर्मा ने चिकित्सा टीम का स्वागत करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे शिविर गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए काफी लाभदायक हैं।



वोट चोरी, देश बचाओ अभियान के तहत चौपाल कार्यक्रम आज : जसबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

कांग्रेस पार्टी की ओर से वोट चोरी, देश बचाओ अभियान के तहत 3 अक्तूबर को लाडवा हलके के गांव मंगौली जाट्टान में सुबह 10 बजे चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र, पार्टी प्रभारी संजय दत्त व सांसद दीपेंद्र हुड्डा विशेष रूप से शिरकत करेंगे। यह जानकारी लाडवा के वार्ड नंबर-7 से जिला परिषद सदस्य एवं कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष जसबीर पंजेटा ने दी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को लोकतंत्र, मतदान के अधिकार और देश के मौजूदा राजनीतिक हालात के प्रति जागरूक करना है। चौपाल के माध्यम से जनता के बीच पहुंचकर सरकार की नाकामियों और जनविरोधी नीतियों को उजागर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की नीतियों से आम जनता परेशान है और कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर उसके अधिकारों की लड़ाई लड़ रही है। वोट चोरी, देश बचाओ अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट करने का प्रयास किया जा रहा है। चौपाल कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद करेंगे और उन्हें कांग्रेस की विचारधारा तथा अभियान के उद्देश्यों से अवगत करवाएंगे। उन्होंने ग्रामीणों से चौपाल कार्यक्रम में बढ़-चढकर भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाकर कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूत करने में सहयोग करे।



मारकंडेश्वर हॉकी स्टेडियम में 6 टीमों के बीच मुकाबले, 3 टीमें जीती

हॉकी के मैदान पर खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत थानेसर विधानसभा की खेल प्रतियोगिताओं में सोमवार को मारकंडेश्वर हॉकी स्टेडियम में हॉकी के रोमांचक मुकाबले आयोजित किए गए। आज आरंभ हुए मैचों में पुरुष कैटेगरी में सोम गुरुकुल घराडसी और यूनिवर्सिटी खेलो इंडिया सेंटर, महिला केटेगरी में दूसरा मैच सोम गुरुकुल घराडसी और सीनियर मॉडल स्कूल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व तीसरा मैच सोम गुरुकुल घराडसी और यूनिवर्सिटी खेलो इंडिया सेंटर के बीच सम्पन्न हुए। सभी मैचों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबलों के बाद 3 टीमों ने जीत हासिल कर अगले चरण में अपनी जगह बनाई। इन प्रतियोगिताओं का शुभारंभ चेयरमैन सुभाष कलसाना व एसडीएम शंभू राठी ने करते हुए कहा कि सांसद नवीन जिन्दल खेलों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।



शाहबाद। स्टेडियम में मौजूद अतिथिगण व हॉकी खिलाड़ी।

लाखों की अनुदान राशि की प्रदान

उन्होंने मारकंडेश्वर हॉकी स्टेडियम को बेहतर बनाने के लिए अपने निजी कोष से लाखों रुपये की अनुदान राशि प्रदान की है। उनका उद्देश्य है कि इस मैदान पर खेलने वाले खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और खेल के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध हों, ताकि वे जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें और देश का नाम रोशन करें। सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने कहा कि थानेसर विधानसभा के हॉकी के सभी मुकाबले मारकंडेश्वर हॉकी स्टेडियम में आयोजित किए जा रहे हैं। खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ मैदान पर अपना दमखम दिखाया। इस अवसर, सरदार त्रिलोचन सिंह हांडा, सुदर्शन कक्कड़ पूर्व प्रधान नगर पालिका, बलदेव राज चावला पूर्व प्रधान नगर पालिका, बलदेव राज सेठी, ईशु सचदेवा पार्षद, अजैब सिंह जिंदल हाउस कुरुक्षेत्र, भूषण मंगला, सचिन औजला, दीपक आनंद पार्षद, मनदीप सिंह एडवोकेट, बलदेव राज चावला पूर्व प्रधान नगर पालिका, ईशु सचदेवा पार्षद, मोहित शर्मा, रोहित सैनी, सुरेश गौड़, आयोजन से जुड़े नवीन जिन्दल फाउंडेशन के प्रतिनिधि, खिलाड़ी एवं खेलप्रेमी मौजूद रहे।

बॉक्सिंग, जूडो, कुश्ती और एथलेटिक्स में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

थानेसर में सांसद खेल महोत्सव 2.0 के तहत हुई प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में आयोजित किए जा रहे 'सांसद खेल महोत्सव 2.0' के तहत थानेसर विधानसभा क्षेत्र में सोमवार से खेल प्रतियोगिताएं शुरू हो गई हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश सैनी ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ करवाया। इन प्रतियोगिताओं के शुरू होते ही खेल मैदानों में खिलाड़ियों का उत्साह और प्रतिस्पर्धा का जोश देखने को मिला। खिलाड़ी पूरे दमखम और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। थानेसर विधानसभा क्षेत्र में 2 से 4 नवंबर तक तीन अलग-अलग स्थानों पर खेल मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं। द्रोणाचार्य स्टेडियम में बॉक्सिंग, जूडो, कुश्ती, एथलेटिक्स, टग ऑफ वॉर, वॉलीबॉल, कबड्डी और फुटबॉल की प्रतियोगिताएं शुरू हो चुकी हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश सैनी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण, अनुशासन और शारीरिक एवं मानसिक मजबूती का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।



खबर संक्षेप

तीन को बिजली कार्यालय में सुनी जाएंगी समस्याएं

अंबाला। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला शहर के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन में 3 नवंबर 2026 को अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल की अध्यक्षता में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली अदालत का आयोजन किया जाएगा। कोई भी उपभोक्ता अपनी बिजली से संबंधित शिकायत यहां रख सकता है। इस दौरान हर उपभोक्ता की शिकायत पर गंभीरता से सुनवाई होगी। उसका मौका पर ही निस्तारण करने का प्रयास किया जाएगा।

बेस्ट कम्यूनिकेशन सिस्टम श्रेणी में छाया एकमजोत

अंबाला। अहोई अष्टमी के पावन अवसर पर डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल को अपने पूर्व विद्यार्थी एकमजोत सिंह संधू की अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि के रूप में एक अनमोल उपहार मिला। रूस में आयोजित इंटरनेशनल स्पेस गेम्स में एकमजोत ने बेस्ट कम्यूनिकेशन सिस्टम स्पेशलिस्ट श्रेणी में विजेता बनकर विद्यालय और अंबाला शहर का नाम रोशन किया। एकमजोत ने सत्र 2023-24 में डीएवी अंबाला से बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण की थी। इसके बाद उन्होंने देश के प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की में प्रवेश प्राप्त किया। वर्तमान में आईआईटी रुड़की के विद्यार्थी एकमजोत का इसी संस्थान की ओर से अंतरराष्ट्रीय स्पेस गेम्स के लिए चयन हुआ था।

पारदर्शी तरीके से हो रहा है एसआईआर का काम

अंबाला। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्य को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ वीसी की। बैठक में जिले में एसआईआर के तहत अब तक नोटिस, सुनवाई और फॉर्मों के निस्तारण की समीक्षा की गई। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि जिले में एसआईआर का काम बेहद पारदर्शी तरीके से चल रहा है। बैठक के दौरान जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्य की बिंदुवार प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान फार्म 6, 7 और 8 के निस्तारण की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। आंकड़ों के अनुसार, पुनरीक्षण अभियान के तहत फार्मों का निस्तारण पूरा किया जा चुका है। दावों और आपत्तियों की सुपर-चेकिंग का कार्य भी लगभग पूर्ण हो चुका है।

शाह की रैली की तैयारियों पर गांधी ग्राउंड का अधिकारियों ने किया दौरा

5 नवंबर को केंद्रीय गृहमंत्री करेंगे शहीदी स्मारक का उद्घाटन

ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने कार्यक्रम स्थल पर बिजली, पेयजल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी में 1857 में आजादी की पहली लड़ाई को समर्पित शहीद स्मारक के 5 नवंबर को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा उद्घाटन को लेकर प्रशासन द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। इसी कड़ी में परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज की अध्यक्षता में शहीद स्मारक में बैठक हुई जिसमें सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के आयुक्त एवं सचिव के. मकरंद पांडुरंग के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान अधिकारियों ने शहीदी स्मारक का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



अंबाला। गांधी ग्राउंड का मुआयना करते मंत्री व प्रशासनिक अधिकारी।

कलाकारों के लिए मंच का किया निरीक्षण

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने सोमवार प्रातः अंबाला छावनी के गांधी ग्राउंड का दौरा कर आगामी 5 नवंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर उपायुक्त सचिन गुप्ता भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान ऊर्जा मंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर बनाए जा रहे मुख्य मंच, बैठने की व्यवस्था, कलाकारों के लिए मंच, मीडिया गैलरी तथा पार्किंग व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में आने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बिजली, पेयजल तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए।

विज ने बैठक के दौरान कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी व अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। इससे पहले आयुक्त एवं सचिव के मकरंद पांडुरंग ने शहीदी स्मारक के उद्घाटन से संबंधित कार्यक्रम की तैयारियों एवं विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 5 नवंबर को होने वाले कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी की जाएं, ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी तालमेल के साथ कार्य करने तथा उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारियों को गंभीरता एवं समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर सीईओ जिला परिषद् गगनदीप सिंह, एडीपीआर मनीष लोहान, शहीद स्मारक के निदेशक डॉ कुलदीप सैनी, एसडीएम शिवजीत भारती, संयुक्त निदेशक नीरज कुमार, अधीक्षक अभियंता भूपेंद्र, कार्यकारी अभियंता रितेश अग्रवाल, कार्यकारी अभियन्ता नवीन राठी के साथ-साथ संबंधित विभागों के अधिकारी व एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद रहें।

शहीद स्मारक में सुनहरे अक्षरों में अंकित किए जा रहे 700 गुमनाम वीर शहीदों के नाम

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि 5 नवंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अम्बाला छावनी में निर्मित आजादी की पहली लड़ाई के शहीद स्मारक-1857 का लोकार्पण करेंगे और गांधी ग्राउंड में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगें। उन्होंने कहा कि यह शहीद स्मारक 1857 की क्रांति के वीर शहीदों और गुमनाम क्रांतिकारियों के बलिदान को सम्मान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि लगभग 22 एकड़ में फैले इस स्मारक में 1857 की क्रांति से जुड़े ऐतिहासिक घटनाक्रमों को 22 गैलरियों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। स्मारक में लगभग 700 शहीदों के नाम सुनहरे अक्षरों में अंकित किए जा रहे हैं, ताकि आने वाली पीढ़ियां देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीरों के योगदान और बलिदान से परिचित हो सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसभा में आने वाले लोगों की सुविधा, सुरक्षा और सुचारू आवागमन को प्राथमिकता देते हुए सभी व्यवस्थाएं बेहतर ढंग से सुनिश्चित की जाएं।

शाह के आगमन पर रोडवेज कर्मचारी करेंगे चक्का जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

5 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शहीदी स्मारक का उद्घाटन करने आ रहे हैं। इसी दिन हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा ने प्रदेशभर में दो दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया है। कर्मचारियों ने 5 और 6 नवंबर को चक्का जाम करने की तैयारी शुरू कर दी है।सोमवार को अंबाला डिपो में हुई गेट मीटिंग में कर्मचारियों ने हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया। अगर हड़ताल होती है, तो रोडवेज बसों से सफर करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

सांझा मोर्चा के नेताओं ने कहा कि 8 सितंबर को परिवहन मंत्री अनिल विज के साथ हुई वार्ता में 15 मांगों पर सहमति बनी थी। मंत्री ने मांगें पूरी करने का आश्वासन दिया था, लेकिन करीब दो महीने बीतने के बाद भी उन्हें लागू नहीं किया गया। इसी के विरोध में कर्मचारियों को हड़ताल का फैसला लेना पड़ा है। सांझा मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य वीरेंद्र सिंह ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर पहले भी दो मंत्रियों के साथ बातचीत हो चुकी है।

कई साल से लंबित है कर्मचारियों का बोनस

वीरेंद्र सिंह ने कहा कि कर्मचारियों का बोनस कई साल से लंबित है। चालक-परिचालकों के पे-ग्रेड में सुधार, छुट्टियों में कटौती रोकने और वॉशिंग अलाउंस से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने की मांग भी उठाई गई है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाएं बढ़ाने के बजाय उनमें कटौती की जा रही है। वरिष्ठ सदस्य नीरज वशिष्ठ ने कहा कि सरकार ने एक महीने के अंदर मांगें पूरी करने का आश्वासन दिया था, लेकिन डेढ़ से दो महीने बीतने के बाद भी किसी मांग को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं मिला। न तो मांगों को लागू करने के लिए परिपत्र जारी किया गया और न ही कार्रवाई हुई।

मोर्चा के नेताओं ने कहा कि हर गांव में सरकारी बस सेवा उपलब्ध होनी चाहिए। स्कूल-कॉलेज जाने वाली छात्राओं के लिए उनके समय के अनुसार अलग स्पेशल बसें चलाई जाएं, ताकि उन्हें सुरक्षित परिवहन मिल सके। नेताओं का कहना है कि प्राइवेट बसों में बुजुर्गों, महिलाओं और विद्यार्थियों को सरकारी बसों में मिलने वाली सुविधाएं नहीं मिल रही हैं।

अतिक्रमण हटाने को लेकर दुकानदारों व अधिकारयों में टकराव, अभियान टला

- दुकानदारों ने कैबिनेट मंत्री विज के समक्ष रखी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर नगर परिषद और दुकानदारों में टकराव हो गया। सोमवार सुबह नगर परिषद की टीम बाजारों में अतिक्रमण हटाने पहुंची तो राय मार्केट के दुकानदारों ने विरोध शुरू कर दिया। दुकानदारों का आरोप था कि नगर परिषद की टीम सिर्फ राय मार्केट में कार्रवाई कर रही है, जबकि राम बाजार और बजाजा बाजार समेत अन्य बाजारों में भी अतिक्रमण है। इसको लेकर दुकानदार कैबिनेट मंत्री अनिल विज के पास पहुंचे और अपनी शिकायत रखी। दुकानदारों की बात सुनने के बाद अनिल विज ने नगर परिषद के अधिकारियों को फोन कर पीली पट्टी के अंदर सामान रखने की अनुमति देने के निर्देश दिए। इसके बाद दुकानदारों ने भी भरोसा दिया कि वे पीली पट्टी के बाहर सामान नहीं रखेंगे और सड़क पर अतिक्रमण नहीं करेंगे।इससे पहले नगर परिषद की टीम ने सुबह करीब 10 बजे गोल चक्कर से अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया। टीम जब कार्रवाई करने पहुंची तो दुकानदारों ने विरोध जताया। स्थिति को देखते हुए मौके पर एसएचओ को बुलाया गया। पुलिस ने दुकानदारों को समझाया, जिसके बाद टीम ने कार्रवाई आगे बढ़ाई।



नगर परिषद की ओर से त्योहारों के सीजन को देखते हुए बाजारों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि दुकानों के बाहर सामान रखने और सड़क पर कब्जे के कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी होती है। इसके अलावा बाजारों में आगजनी जैसी घटना होने पर अतिक्रमण के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को मौके तक पहुंचने में दिक्कत हो सकती है। नगर परिषद के सीएचआई सुनील दत्त ने बताया कि कमिश्नर के आदेश पर यह अभियान चलाया जा रहा है।

बाजारों में महिलाओं की सुरक्षा के चलते निगम मेयर से की मुलाकात

- त्योहारी सीजन के दौरान रात्रि के समय लाईटों की हो समुचित व्यवस्था : वीना ढल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

वुमैन सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा नगर निगम की मेयर मैडम अक्षिता सैनी से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस मुलाकात का उद्देश्य बेटी बचाओ बेटी पढाओ के तहत महिलाओं की सुरक्षा व उनके उत्थान के मध्यनजर रखी गई। इस मुलाकात में सोसायटी अध्यक्षा व बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान की ब्रांड एम्बेसडर वीना ढल ने मेयर अक्षिता सैनी से बातचीत में कहा कि त्योहारों का मौका चल रहा है व अधिकतर महिलाएं व बच्चियां खरीददारी के लिए बाजारों में आती हैं। साथ ही दुकानों पर भी अपने परिवार व पति के साथ महिलाएं दुकानदारी करती हैं। इसीलिए शहर के कई इलाके जो दूर के हैं या सुनसान हैं वहां पर लाइटों की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में की जाए ताकि देर तक काम करने वाली महिलाएं व बच्चियां अपने आपको सुरक्षित महसूस करें। नगर निगम भी महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

केंद्र और प्रदेश सरकार महिलाओं के उत्थान व सुरक्षा के लिए निरंतर कर रही प्रयास : अक्षिता

बाजारों में त्योहारों के चलते देर रात तक कार्य किया जाता है। इसके इलावा महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए व महिलाओं के उत्थान के विभिन्न विषयों पर बातचीत की गई। मेयर अक्षिता सैनी ने आश्वासन दिया कि हम महिलाओं की सुरक्षा व उनके उत्थान के लिए हमेशा बढ़चढ़ कर कार्य कर रहे हैं। सरकार भी महिलाओं के उत्थान व सुरक्षा के लिए भरपूर प्रयास कर रही है। सरकार द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढाओं के तहत हमेशा ही महिलाओं और बच्चियों को आगे बढ़ने का मौका दिया है जिसके लिए वह वचनबद्ध है। सोसायटी सदस्यों ने भी मेयर का धन्यवाद किया। इस अवसर पर सरला सैनी, वीना चड्ढा, शिवानी, नारंग, विपिन नागपाल, दर्शना रानी, कमल सूद भी मौजूद रहीं।

निर्माणाधीन दुकान से 60 हजार रुपये की बिजली तारें और सामान चोरी, केस दर्ज

शहजादपुर। थाना शहजादपुर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। शहजादपुर-अंबाला मार्ग पर स्थित निर्माणाधीन एक दुकान से अज्ञात चोर करीब 60 हजार रुपये मूल्य की बिजली की तारें व अन्य सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित दुकानदार ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस को सौंपकर उचित कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस को दी गई शिकायत में गांव शहजादपुर माजरा निवासी जसवंत सिंह पुत्र प्रेम सिंह ने बताया कि उसकी बस स्टैंड के नजदीक एक निजी स्कूल के सामने दुकान स्थित है जिसका निर्माण कार्य चल रहा है। 1 नवंबर को उसकी दुकान से चोर लगभग 60 हजार रुपये कीमत की बिजली की तारें व अन्य सामान चुरा ले गए। चोरी की इस घटना का पता उसे 2 नवंबर की सुबह तब चला, जब वह दुकान पर पहुंचा। दुकान से सामान गायब देखकर उसने अपने स्तर पर आसपास काफी छानबीन की, लेकिन सामान व चोरों का कोई सुराग नहीं मिल सका। शिकायतकर्ता ने बताया कि इससे पहले भी उसकी दुकान में दो बार चोरी की वारदातें हो चुकी हैं। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले में त्वरित व उचित कानूनी कार्रवाई कर चोरों का पता लगाया जाए।





पब्लिक गर्ल्स स्कूल में 170 बच्चों की आंखों की जांच, डॉक्टरों ने दिया उचित परामर्श

बराड़ा। पब्लिक गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल में सोमवार को रोटरी क्लब के सहयोग से नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कपिल आई अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने करीब 170 बच्चों की आंखों की जांच की। इस दौरान डॉक्टरों ने बच्चों की आंखों से संबंधित समस्याओं की पहचान कर उन्हें उचित परामर्श दिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों की आंखों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समय रहते दृष्टि संबंधी समस्याओं का पता लगाना था। इस अवसर पर रोटरी क्लब बराड़ा के उपप्रधान पूर्ण छाबड़ा, सचिव साहिल वर्मा और कोषाध्यक्ष दिलप्रीत सिंह सहित क्लब के अन्य सदस्य मौजूद रहे। क्लब सदस्यों ने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य और शिक्षा समाज के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। इसी उद्देश्य से रोटरी क्लब समय-समय पर स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन कर समाजसेवा के कार्यों में योगदान दे रहा है। स्कूल प्रिंसिपल दिलप्रीत सिंह ने कहा कि उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल के साथ-साथ उनमें जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया ज्ञान व प्रतिभा का दम

बराड़ा। शैमफोर्ड विद्यालय में विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान, वैज्ञानिक सोच और तार्किक क्षमता को विकसित करने के उद्देश्य से सामाजिक विज्ञान एवं विज्ञान विषयों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों चरक, पाणिनी, आर्यभट्ट और सुश्रुत सदन के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा और विषयों पर पकड़ का परिचय दिया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए पाणिनी सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सुश्रुत सदन दूसरे स्थान पर रहा। प्रधानाचार्या रूबी शर्मा ने कहा कि प्रश्नोत्तरी जैसी शैक्षणिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। इनसे बच्चों का सामान्य ज्ञान बढ़ने के साथ-साथ तार्किक चिंतन, आत्मविश्वास, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता और नेतृत्व कौशल भी विकसित होता है।





ग्लोबल विजडम स्कूल के वार्षिक समारोह 'ओडिसी-2026' में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

अंबाला। ग्लोबल विजडम इंटरनेशनल स्कूल में 31 अक्टूबर को वार्षिक समारोह 'ओडिसी-2026' बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। यह समारोह विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने, उनमें रचनात्मकता विकसित करने की दिशा में स्कूल की प्रतिबद्धता का प्रतीक बना। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. नवदीप सिंह सैनी, डायरेक्टर-प्रिंसिपल, डॉ. बी.आर. अंबेडकर स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, मोहाली ने शिरकत की। समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप में रमेश डोगरा, एसोसिएट प्रोफेसर एवं पूर्व विभागाध्यक्ष, एस.डी. कॉलेज, चंडीगढ़;जसवीर कौर चहल, प्रोफेसर, रुपाली जैन, अध्यक्ष, महिला विंग, कृष्ण कृपा परिवार तथा सुरिंदर शर्मा, प्रोफेसर, एससीईआरटी, चंडीगढ़ उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त उपेश बंसल, सदस्य बीवीपी; सोमनाथ शर्मा; मोहन सिंह, पार्षद , लालड़ू; पवन बंसल; डॉ. धर्मिंदर सिंह, एसएमओ, डेराबस्सी; फ्लाइट लेफ्टिनेंट जगजीत सिंह; डॉ. बरखाराम, ग्लोबल विजडम स्कूल के प्रबंधन सदस्य सरदार गुरनीत सिंह चहल, स्कूल के प्रतिष्ठित प्रबंधन सदस्य ने भी समारोह की शोभा बढ़ाई।

मोबाइल फूड टेस्टिंग लैबोरेटरी वैन में 100 रुपये देकर जांचे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता

अंबाला। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच एवं खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला में सोमवार से 16 नवंबर 2026 तक मोबाइल फूड टेस्टिंग लैबोरेटरी वैन की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। इस सुविधा के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति अपने खाद्य पदार्थों, जैसे दूध एवं दूध से बने उत्पाद, मिठाई, तेल, चावल, मसाले, फूट जूस एवं अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच मात्र 100 रुपये में करवा सकता है। यह वैन स्थानीय बाजार जगाधरी गेट अंबाला शहर में 2 नवंबर, बस स्टैंड एवं मानव चौक के विभिन्न बाजार अंबाला शहर में 3 नवंबर, प्रेम नगर, विकास विहार, इंको चौक एवं मॉडल टाउन के विभिन्न बाजार, 4 नवंबर, बस स्टैंड एवं स्थानीय बाजार अंबाला छावनी में 5 नवंबर , स्थानीय बाजार महेश नगर एवं बब्याल में 6 नवंबर, औद्योगिक क्षेत्र एवं स्थानीय बाजार साहा में 10 नवंबर, स्थानीय बाजार मुलाना में 11 नवंबर को पहुंचगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक बिछाने की योजनाओं पर भी किया जाएगा काम

2.42 करोड़ से वार्डों में जल निकासी व संपर्क सड़कें होंगी मजबूत

वार्ड नंबर 19 के तहत जल निकासी और सड़क निर्माण पर 2.02 करोड़ की राशि होगी खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी सदर क्षेत्र में नगर परिषद की ओर से वार्डों में जल निकासी, संपर्क सड़कों का निर्माण और इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक बिछाने की योजनाओं पर लगभग 2.42 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। वार्ड सदस्यों की ओर से तैयार किए इन प्रस्ताव को नगर परिषद द्वारा मुख्यालय स्तर पर स्वीकृति के लिए भेजा गया था। अब स्वीकृति मिलते ही विभाग ने निविदा जारी कर दी है ताकि तय समय पर कार्य शुरू हो सकें और वार्ड वासियों को परेशानी से निजात मिल सके। नगर परिषद की रिपोर्ट एवं निविदाओं के अनुसार, छावनी के विभिन्न वार्डों में मुख्य कार्यों पर प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। इसमें वार्ड नंबर 19 के तहत जल निकासी और सड़क निर्माण पर 2.02 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। वार्ड के अंतर्गत आने वाले दो प्रमुख मार्गों पर पाइप लाइन बिछाने और सड़क निर्माण के लिए यह धनराशि तय की गई है। इसके तहत बीडी फ्लोर मिल पुलिया से ऑटो स्टैंड के पास 1,23,68,291 रुपये की अनुमानित लागत से सड़क निर्माण तथा अंडरग्राउंड सीवर/ड्रेनेज पाइप बिछाने का कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार नरूला कन्फेक्शनरी स्टोर से बीडी फ्लोर मिल गोशाला के पास मुख्य नाले तक 78,28,949 रुपये की लागत से पाइपलाइन एवं पक्की सड़क का निर्माण किया जाएगा। वार्ड नंबर 4 दलीपगढ़ कॉलोनी में जलभराव से मुक्ति के लिए 37.42 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इस योजना के तहत साईं कृपा किराना स्टोर से सिंचाई नाले तक कार्य किया जाएगा। इसके तहत दलीपगढ़ कॉलोनी में लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए एम-40 ग्रेड पेवर ब्लॉक सड़कों का निर्माण तथा 450 मिमी व्यास वाली आरसीसी पाइपलाइन बिछाने के लिए 37,41,783 रुपये का बजट मंजूर हुआ है।



आंतरिक गलियों का सुधार

डी-प्लान के तहत आंतरिक गलियों के निर्माण पर 6.86 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके तहत कनौजिया सब-लैब से राज नारायण के घर तक काम होगा। स्थानीय निवासियों की सुविधा के लिए 6,85,584 रुपये की लागत से पक्की सड़क का निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है। सुगम आवागमन के लिए पेवर ब्लॉक और पक्की सड़कों के निर्माण से बारिश के दिनों में कीचड़ और गड्ढों से राहत मिलेगी। जलभराव के स्थायी समाधान के तहत 450 मिमी आरसीसी पाइप और नई ड्रेनेज लाइन बिछने से मानसून के समय कॉलोनियों में पानी जमा होने की समस्या खत्म होगी। वहीं स्वास्थ्य सुरक्षा के तहत बेहतर सीवरेज और नालों के सुचारु प्रवाह से बीमारियों के फैलने का खतरा कम होगा।